**Girls' High School and College, Prayagraj**
**Work Sheet No -5**
**Session-(2020-0221)**
**Class- 2 (A-F)**
**Subject- Hindi (व्याकरण)**

**Lesson - 1-भाषा**
**2- वर्ण**

**निर्देश**- अभिभावक सर्वप्रथम पाठ को बच्चों को पढ़ायें और फिर समझायें। अभिभावक दिए गए अभ्यास को करने में बच्चों की मदद करें।

**पाठ- १-भाषा**

**परिभाषा** - भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने विचार या भाव दूसरों तक पहुँचाते हैं। सुन, बोल और लिख कर अपने भावों और विचारों को प्रकट करना ही भाषा है।

संसार में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं । उदाहरण --हिंदी, अंग्रेजी , जापानी आदि।

हिंदी हमारी **राष्ट्रभाषा** है । हर साल **'हिंदी दिवस '१४ सितंबर** को मनाया जाता है।

भाषा के **दो रूप** होते हैं—

१- **मौखिक** -अपने भावों और विचारों को बोल कर प्रकट करना भाषा का मौखिक रूप है।

२- **लिखित** -अपने विचारों को लिख कर प्रकट करना भाषा का लिखित रूप है।

भाषा के लिखने के ढंग को **'लिपि'** कहते हैं।

हिंदी भाषा **'देवनागरी लिपि '** में लिखी जाती है।

**व्याकरण** - भाषा के सही नियमों की जानकारी हमें व्याकरण से होती है। व्याकरण हमें भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराता है।

**अभ्यास**

**१- रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**

१- संसार में____भाषाएँ बोली जाती हैं।
२-____हमारी राष्ट्रभाषा है।
३- हिंदी भाषा की लिपि________ है।
४ - बोल कर प्रकट की जाने वाली भाषा को ___ भाषा कहते हैं।
५ - हमें भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान _______ कराता है।
६- ____के द्वारा हम अपने विचार दूसरों तक पहुँचाते हैं|

**२- <u>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए-</u>**

प्रश्न- १ - भाषा के कितने रूप होते हैं?

प्रश्न-२ - हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?

प्रश्न-३ - भाषा के लिखने के ढंग को क्या कहते हैं?

प्रश्न-४- भाषा के नियमों की जानकारी हमें किससे होती है?

**३- <u>निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए</u>**

१- मुझे जाना घर है।

२ - मैं हूँ खाती आम ।

३- मोर होता है सुंदर।

**पाठ-२- <u>वर्ण</u>**

जब हम बोलते हैं तो हमारे मुख से कुछ आवाज (ध्वनि)निकलती है।उस आवाज को लिखने के लिए प्रयोग किए गए चिन्ह ' वर्ण ' कहलाते हैं।

हिंदी **<u>वर्णमाला</u>** में दो प्रकार के वर्ण हैं-

**१ - स्वर**

**२- व्यंजन**

**१- <u>स्वर</u> -** जो वर्ण किसी दूसरे वर्ण की सहायता के बिना बोले जाते हैं उन्हें स्वर कहते हैं।

हिंदी में ग्यारह स्वर होते हैं।

स्वर - अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

**<u>अयोगवाह</u> -** जो वर्ण न स्वर होते हैं न व्यंजन , उन्हें अयोगवाह कहते हैं ।ये हैं - अं, अः

उदाहरण- शंख, पंख, संग, नमः,प्रातः

**<u>अनुनासिक</u>- '** अँ ' को अनुनासिक कहते हैं क्योंकि इसका उच्चारण नाक और मुख दोनो से होता है। जैसे - दाँत,साँस।

**२- <u>व्यंजन</u>-**जिन वर्णों को बोलने के लिए स्वर की सहायता लेनी पड़ती है उन्हें व्यंजन कहते हैं।

**व्यंजन-** ३<u>३ तैतीस</u> होते हैं । ये हैं-

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

-

**<u>संयुक्त व्यंजन</u>-** क्ष , त्र , ज्ञ होते हैं।

**अ<u>तिरिक्त वर्ण --</u> ड़ , ढ़ होते हैं।**

**<u>अभ्यास</u>**

१-**<u>रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-</u>**

१ - वर्ण _______ प्रकार के होते हैं।

२- हिंदी में_______ स्वर होते हैं।

३ - क, ख, ग ______ हैं।

४ - व्यंजन _______ की सहायता से बोले जाते हैं।

**<u>२- छूटे हुए वर्ण लिख कर वर्णमाला पूरी करिए-</u>**

अ ----- इ ----- उ ------ ऋ

ए ----- ओ ------ अं ------

क ----- ग ------ ------

च ------ ज ------ ञ

ट -------- ड ------- ण

त ------ द ------- -----

प ------ ब ------- म

य ------- ल ------

श ------- स -------

**<u>३- ' अं ' का बिंदु लगा कर शब्द पूरे करिए-</u>**

१- झडा

२- कघा

३- अडा

४- पतग

**४- निम्नलिखित शब्दों में चँद्रबिंदु लगाइए-**

१- दात

२- माद

३- आख

४- बासुरी

५- चाद

**END**